हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 10 जून 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

4
जिले के ग्राम नीमगांव में जल संरक्षण की अनोखी पहल



## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करे
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**
Advt.

## खबर संक्षेप

### बकरी को मारने से पर महिला से मारपीट, जुर्म

**अम्बिकापुर।** आंगन में सुखाई धान को बकरी के खाने से नाराज हुई महिला ने जब बकरी को मारने लगी तो बकरी मालिक दो महिलाओं ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम करगीडीह निवासी श्रीमती पुन्नी बाई पति अमर साय गत दिन धान कटाई कर मिसाई के लिए घर के सामने आंगन में सुखाई थी। इसी बीच गांव के ही राधा बाई की बकरी धान को खाने लगी। एक दो बार महिला ने बकरी को भगाया लेकिन बकरी पुनः आकर धान खाने लगती जिससे परेशान होकर महिला ने बकरी को पकड़ मारते हुए राधा बाई के घर लेकर गई। इधर बकरी को मारने पर राधा बाई व श्यामपति ने गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351 (3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### चोरों ने पार की आरक्षक की बाइक

**अम्बिकापुर।** भतीजी की शादी में शामिल होने गए आरक्षक की बाइक को चोरों ने घर के आंगन से पार कर दिया। आरक्षक ने बाइक चोरी होने की रिपोर्ट पस्ता थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार थाना चांदो में आरक्षक के पद पर पदस्थ संतोष राम तिग्गा आ. स्व. चैतु राम (40 वर्ष) भतीजी की शादी होने पर तीन दिन की छुट्टी लेकर बाइक क्रमांक सीजी 15 सीवी 3711 से पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम उफिमा बहनापारा अपने घर 10 मई को गया था। आरक्षक बाइक को घर के आंगन में खड़ा कर शादी कार्यक्रम में व्यस्त हो गया। इसी बीच चोरों ने आंगन में खड़ी बाइक को पार कर दिया। आंगन से बाइक चोरी हो जाने की जानकारी लगने पर आरक्षक ने गांव सहित रिश्तेदार के यहां पता किया लेकिन बाइक का कहीं पता नहीं चला। जिस पर आरक्षक ने गत दिन पस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### दो महिलाओं में हिंसक झड़प, लगी गंभीर चोट

**रामानुजगंज।** नगर क्षेत्र में एक निजी फर्म में कार्यरत दो महिलाओं के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद ने सोमवार की रात हिंसक रूप ले लिया। दोनों महिलाओं के बीच हुई मारपीट में एक महिला के सिर पर गंभीर चोट आई है। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया।दोनों महिलाएं एक ही फर्म में कार्य करती हैं। बताया जा रहा है कि उनमें से एक महिला अक्सर दूसरी महिला से जुड़ी बातें और गतिविधियों की जानकारी फर्म मालिक तक पहुंचाती थी। इस बात को लेकर दूसरी महिला काफी समय से नाराज थी। उसका कहना था कि कार्यस्थल पर सभी को अपने काम से मतलब रखना चाहिए तथा किसी की व्यक्तिगत बातों को इधर-उधर पहुंचाने से बचना चाहिए। इसी कारण दोनों महिलाओं के बीच पहले भी कई बार कहासुनी और मनमुटाव की स्थिति बन चुकी थी। हालांकि सहकर्मियों द्वारा समझाइश देकर मामला शांत करा दिया जाता था। लेकिन बीती रात एक बार फिर दोनों आमने-सामने आ गईं। चुगलखोरी और आपसी विवाद को लेकर शुरू हुई बहस देखते ही देखते उग्र हो गई और दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान एक महिला को सिर पर गंभीर चोट लग गई, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ी।

स्वास्थ्य शिक्षा, अधोसंरचना, निर्माण कार्य, कृषि उन्नति, पेंशन, राशन और अन्य कार्यों की ली जानकारी

# सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का गंभीरता से हो निराकरण: आनंद

दिव्यांग और चलने फिरने में असमर्थ हितग्राहियों को उनके घर जाकर पेंशन का भुगतान करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- प्रभारी सचिव ने की जिले के विकास कार्यों की समीक्षा
- किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के दिए निर्देश

जिले के प्रभारी सचिव अंकित आनंद ने सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जशपुर के विकास कार्य, विभिन्न निर्माण, कार्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना के कार्य, कृषि, सहित अन्य कार्यों की विस्तार से सभी की।

इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार डीएफओ शशि कुमार अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रभारी सचिव ने सुशासन तिहार के तहत शिविर में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व प्रकरणों का आनलाईन प्रकरणों को दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और नगरीय निकाय के निर्माण कार्यों की जानकारी ली और प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव अंकित आनंद ने पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत निर्माण अपूर्ण कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं का जिले में बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए अधुरे कार्य को पूर्ण करने के ⏭ शेष पेज 4 पर




### केरे गांव होमस्टे का किया अवलोकन

प्रभारी सचिव अंकित आनंद ने जशपुर विकास खंड के ग्राम केरे गांव में संचालित होम स्टे का अवलोकन किया और पारंपरिक भोजन, और अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार जशपुर एसडीएम विश्वास राव मस्के, जनपद पंचायत सीईओ लोखित भगत और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन के सफल प्रयासों का परिणाम है, जिसने इस गांव को अपनाकर यहां 5 होमस्टे स्थापित किए हैं तथा स्थानीय ग्रामीणों को होमस्टे प्रबंधन एवं अतिथि सेवा का समुचित प्रशिक्षण प्रदान किया है। हाल ही में महुआ होमस्टे, केरे में ठहरे अतिथियों का अनुभव इस पहल की सफलता को दर्शाता केरे गांव में अतिथियों के आगमन पर गर्माजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें ताजे, पौष्टिक एवं घर के बने भोजन का स्वाद चखने को मिला।

### आवेदनों का हो रहा निराकरण: कलेक्टर

समीक्षा बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि सुशासन तिहार के जशपुर जिले में ग्रामीण और नगरीय निकाय में कुल 35 सुशासन शिविर का आयोजन किया गया इसमें कुल 15 हजार 846 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 11 हजार 205 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष आवेदन का भी प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्यों का क्रियान्वयन प्राथमिक से किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने बताया कि मनरेगा के तहत मजदूरी भुगतान किया जा रहा है। जल संरक्षण संवर्धन के तहत जिले में 6 मॉडल अमृत सरोवर चयनित किया गया है। आजीविका डबरी के तहत 495 स्वीकृति किया गया है इसी प्रकार वाटर रिचार्ज 461 और पारंपरिक जल स्त्रोत का जीर्णोद्धार 1437 और सोक पिट निर्माण 3050 किया गया है।

## सड़क दुर्घटना के घायलों को नहीं मिली एंबुलेंस, खुले डाले में ले गए अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी में हुए सड़क हादसे के घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस नसीब नहीं हुई। घायलों को एक डाले में लिटाकर चिलचिलाती धूप में अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान घायल गर्म डाले पर दर्द से कराहते रहे।

जिले के कुनकुरी में हुए एक सड़क हादसे का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सिर्फ एक्सीडेंट नहीं दिख रहा, बल्कि एक ऐसी तस्वीर भी दिखाई दे रही है जो कई सवाल खड़े कर रही है। कुनकुरी जनपद कार्यालय के सामने पल्सर और ⏭ शेष पेज 4 पर






चिलचिलाती धूप में लोहे के डाले पर दर्द से तड़पते रहे घायल



## इलेक्ट्रिक आरी की भेंट चढ़ रहे हरे-भरे पेड़ बरसों से खड़े पेड़ को मिनटों में बना रहे ठूंठ

**पत्थलगांव।** क्षेत्र में सड़क किनारे बरसों से खड़े पड़ों को मिनटों में ठूंठ बनाने का काम बदस्तूर जारी है। इन पेड़ों पर लकड़ी माफिया की नजर लगी हुई है। इलेक्ट्रिक आरी के सहारे पेड़ों को धड़ल्ले से काटा जा रहा है और गाड़ियों में भरकर ले जाया जा रहा है। ऐसा ही दृष्य जशपुर रोड स्थित पूरन तालाब के पास देखा जा सकता है।

लकड़ी माफिया द्वारा सड़क किनारे स्थित पेड़ों को इलेक्ट्रिक आरी के सहारे आसानी से काटा जा रहा है। आज कल बड़े से बड़े पेड़ों को कुछ मिनटों में ही इन आरियो से काट दिया जा रहा है। पेड़ों को बचाने के लिए प्रशासन व सामाजिक संस्थाएं जागरूकता अभियान चला रही हैं पर हकीकत में सड़क किनारे लगे बड़े से बड़े या छोटे पेड़ आज बिना किसी कारण से अनावश्यक निजी कारणों से काटे जा रहे हैं। घर में चूल्हा जलाने या गांव गांव में लगाए जा रहे इट के भट्टों के लिए इन पेड़ों की बलि दी जा रही है। सड़क किनारे स्थित पेड़ों पर लकड़ी माफिया की नजर रहती है क्योंकि कभी कोई भी इन पेड़ों को काटते देखने पर भी उन्हें मना नहीं करता। बाद में ट्रैक्टरों में लकड़ियों को भर कर ले जाया जाता है। ताजा मामला जशपुर रोड पूरन तालाब के पास सड़क किनारे का है। जहां लगे पेड़ों को इलेक्ट्रिक आरी से काट कर गिरा दिया गया है।



फारेस्ट या राजस्व विभाग को जानकारी देने के बाद भी सड़क किनारे लगे पेड़ों को काटे जाने पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जाती। सड़क किनारे लगे पेड़ों के भले ही बड़े नाम न हो पर गर्मियों में राहगीरों को छांव और पर्यावरण के लिए एक सहारा जरूर बनते हैं। पेड़ो को बचाने हर आम आदमी को आगे आना होगा। इलेक्ट्रिक आरी पर रोक या सड़क किनारे लगे पेड़ों को काटे जाने पर कड़ाई से कार्रवाई करनी होगी, वरना वह दिन दूर नहीं जब आने वाली पीढ़ी 50 डिग्री की झुलसती गर्मी से परेशान होगी।

## बैंक व मुद्रा लिंकेज मेले में 367 महिलाएं हुईं शामिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत हरियाणा सेवा सदन में बैंक लिंकेज और मुद्रा लिंकेज मेला का आयोजन किया गया। मेले में विकासखंड के सभी बैंकों द्वारा 325 मुद्रा प्रकरण में से 84 प्रकरण मुद्रा लोन की स्वीकृति दी गई। शेष प्रकरणों को स्क्रूटनी कर 15 दिवस में स्वीकृत करने के लिए कहा गया। 97 बैंक लिंकेज के प्रकरण 2.67 करोड़ को स्वीकृत एवं वितरण स्वीकृत किया गया। उक्त मेले में 367 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला से आए हुए अमीन खान डीपीएम तिवारी एलडीएम पत्थलगांव जनपद सीईओ कमलकांत श्रीवास डीईओ धनेश टेंगवार साधन संस्था से रवि बघेल, एफ़एलसी नईम अंसारी बीपीएम एवं समस्त बैंक मैनेजर एसी और सभी पीआरपी उपस्थित रहे।

## जशपुर में रैपिड शतरंज प्रतियोगिता 14 को

**जशपुरनगर।** जिले में शतरंज खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जशपुर चेस क्लब द्वारा 14 जून (रविवार) को एक दिवसीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन विजय भूषण सिंहदेव पीजी गर्ल्स कॉलेज, जशपुर में किया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के लिए 25 मिनट प्रति खिलाड़ी का समय नियंत्रण निर्धारित किया गया है, जबकि राउंड्स ⏭ शेष पेज 4 पर




खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कार घोषित

### पंजीयन की अंतिम तिथि 10 तक

प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रवेश शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रतिभागी शुल्क का भुगतान नकद अथवा ऑनलाइन दोनों माध्यमों से कर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित की गई है। आयोजकों ने बताया कि यह प्रतियोगिता केवल जशपुर जिले के निवासियों के लिए आयोजित की जा रही है।

## बीईओ ने ली परामर्शदात्री समिति की बैठक



**जशपुरनगर।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी कल्पना टोप्पो एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वय अजय चौबे द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं अनुशासित बनाने के उद्देश्य से परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं कर्मचारी हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों में समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यालय में विलंब से आने वाले शिक्षकों तथा शराब सेवन कर विद्यालय पहुंचने वाले शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कही जिसका शिक्षक संगठन से जुड़े पदाधिकारी ने भी इस बात का समर्थन करते हुए कहा कि शराबी शिक्षकों के कारण अन्य शिक्षक भी शर्मिंदा होते हैं इसलिए उन पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाए। परामर्शदात्री समिति की ओर से फेडरेशन के जिला महासचिव रवि गुप्ता ने शिक्षकों के जीपीएफ अभिलेखों एवं सेवा पुस्तिका की द्वितीय प्रति का समुचित संधारण सुनिश्चित किए जाने की मांग रखी गई। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सलाहकार एलन साहू ने जनगणना कार्य में संलग्न शिक्षकों को नियमानुसार 10 दिवस का अर्जित अवकाश (ईएल) प्रदान कर उसका सेवा पुस्तिका में संधारण किए जाने का विषय प्रमुखता से उठाया। बैठक में कुछ शिक्षकों के मकान किराया भत्ता (एचआरए) संबंधी अभिलेखों में पाई गई त्रुटियों को सुधारने की मांग भी की गई, ताकि कर्मचारियों को किसी प्रकार की प्रशासनिक या वित्तीय असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण हेतु आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। अंत में विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सभी सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। समिति की बैठक में विभिन्न शिक्षक संघों से संजय बेक, राजेंद्र यादव, संदीप भगत, प्रवीण सिंहा, सीमा गुप्ता, मीना सिन्हा, सुनैना तिर्की, रंजिता सारंगी, मनीषा टोप्पो इत्यादि शिक्षक शिक्षाकाएं उपस्थित रहे।

रील मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

# जीवन की सुरक्षा का संकल्प है सड़क सुरक्षा: एसएसपी





- जशपुर पुलिस की सड़क सुरक्षा की अभिनव पहल

**जशपुरनगर।** डीआईजी एवं एसएसपी डा.लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन, विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जशपुर पुलिस द्वारा हेलमेट एवं सीट बेल्ट जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसके अंतर्गत रील मेकिंग एवं सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, प्रतियोगिता में जिलेभर से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सड़क सुरक्षा संबंधी संदेशों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया।

दूसरे चरण के प्रतियोगिता के विजेताओं को 9 मई मंगलवार को पुलिस कार्यालय जशपुर में डीआईजी एवं एसएसपी जशपुर डा.लाल उमेद सिंह द्वारा विजेताओं को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विजेताओं को नगद पुरस्कार ⏭ शेष पेज 4 पर

### यातायात नियमों का करें पालन

डीआईजी एवं एसएसपी डा.लाल उमेद सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का संकल्प है। जशपुर पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रील मेकिंग एवं सेल्फी प्रतियोगिता जैसे रचनात्मक प्रयासों से युवा वर्ग बढ़-चढ़कर जुड़ रहा है और यातायात नियमों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो रही है, उन्होंने सभी नागरिकों से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने एवं अन्य यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

### विचार व सुझाव साझा किए

सम्मान समारोह के दौरान डीआईजी एवं एसएसपी जशपुर द्वारा सभी विजेताओं से सड़क सुरक्षा के प्रति उनके अनुभव, विचार एवं सुझाव भी साझा कराए गए। विजेताओं ने बताया कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को काफी हद तक यातायात नियमों का पालन कर रोका जा सकता है। साथ ही उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करते हुए सड़क सुरक्षा का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

## खबर संक्षेप



### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया गया कैरियर मार्गदर्शन व सम्मान

**भैयाथान।** सर्व यादव समाज द्वारा प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन मंगल भवन भैयाथान में किया गया, जिसमें क्षेत्र की विधायक व कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। जिला स्तरीय आयोजन में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 52 बच्चों को मेडल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, वहीं विश्वनाथ यादव सहित विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा बच्चों का कैरियर मार्गदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राधाकृष्ण की छाया चित्र पर पूजा अर्चना व अतिथि स्वागत के साथ किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता, बच्चों का उत्साह वर्धन, व उनके लक्ष्य निर्धारण में सहायक बताया। उन्होंने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को शिक्षा के साथ संस्कार पर जोर दिया, वहीं कुदरगढ़ में यादव धर्मशाला अतिरिक्त कक्ष हेतु 15 लाख स्वीकृत करने की घोषणा की। संभागीय अध्यक्ष देवनारायण यादव एवं जिला उपाध्यक्ष ने बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। जिला अध्यक्ष रमा शंकर यादव ने संगठन की मजबूती पर बल दिया, वहीं विभिन्न वक्ताओं में पारस यादव ने चरित्र निर्माण, रामनरेश यादव ने धर्म एवं संस्कृति, भोरे लाल यादव ने धन की बचत व संजय यादव कार्यकारी जिलाध्यक्ष द्वारा जीवन में शिक्षा व अनुशासन का महत्व पर प्रकाश डाला। इनके अलावा परमेश्वर यादव, राजाराम यादव, संजीव यादव व डॉ. विजय यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में समाज प्रमुखों की बैठक कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान संजय यादव, अंगद यादव, धनीराम यादव, रामप्रताप यादव, कुंजलाल यादव, शिवकुमार यादव, देवेन्द्र कुमारी यादव, दशमत यादव, उर्मिला यादव, संजीव यादव, मनीष यादव, अजय यादव, संधारी यादव, मनीष यादव, अवधेश यादव, रमेश यादव, जितेन्द्र यादव, संतोष यादव मनोज यादव, जगदेव यादव, छत्रधारी यादव, बलीराम यादव, गंगा यादव, हीराराम यादव, कौलेश्वर यादव, विपिन यादव, कुंजबिहारी यादव, कृष्ण यादव सहित छात्र-छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत के वार्ड में किया गया फाइलेरिया नाइट ब्लड सर्वे



**प्रतापपुर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड प्रतापपुर के नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6, नरोला सरना पारा, मतिगाड़ा एवं मायापुर-2 डबरी पारा में फाइलेरिया नाइट ब्लड सर्वे संपन्न हुआ। सर्वे कार्यक्रम के प्रभारी उत्तरा कुमार महिलांगे के नेतृत्व में किया गया। ज्ञातव्य है कि हाल ही में उक्त क्षेत्रों से फाइलेरिया के पॉजिटिव प्रकरण प्राप्त हुए थे। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों के अनुसार पॉजिटिव प्रकरण प्राप्त होने के उपरांत मरीज के निवास स्थान एवं उसके आसपास के क्षेत्र में 3 एवं 4 जून की रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक नाइट ब्लड सर्वे आयोजित किया गया। सर्वे के दौरान पॉजिटिव मरीज के घर एवं आसपास निवासरत 20 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों से रक्त नमूने एकत्रित किए गए। जिनका परीक्षण फाइलेरिया संक्रमण की स्थिति का आकलन करने हेतु किया जाएगा। यह जांच रात्रिकाल में की जाती है क्योंकि फाइलेरिया परजीवी के सूक्ष्म रूप रात के समय रक्त में अधिक मात्रा में पाए जाते हैं, जिससे संक्रमण की पहचान अधिक सटीक रूप से की जा सकती है। इस प्रकार सर्वेक्षण के माध्यम से संक्रमण की वर्तमान स्थिति का आकलन कर आवश्यक नियंत्रणात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाते हैं। सर्वेक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा क्षेत्रवासियों को फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मच्छर नियंत्रण एवं स्वच्छता संबंधी उपायों के प्रति भी जागरूक किया गया।

### सुबह घूमकर घर आए शिक्षक ने लगा ली फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** पत्नी के साथ तड़के घुमकर घर लौटे शिक्षक ने अपने कमरे में फांसी लगा लिया जिससे शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार नमनाकला पावर हाउस समीप निवासी शिक्षक अशोक जायसवाल आ. स्व. राम ललन (61 वर्ष) हर रोज की भांति तड़के 5 बजे पत्नी के साथ घूमने के लिए गए थे। लगभग एक घंटे बाद वापस घर लौटे तो पत्नी घर के काम करने में जुट गई जबकि पति अपने कमरे में चला गया। कुछ समय बाद जब पत्नी काम कर कमरे में गई तो उसके होश उड़ गए। पति रस्सी के सहारे फांसी में मृत हालत में लटका हुआ था। घटना की जानकारी लगते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और घटना की सूचना गांधीनगर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा पश्चात शव को पीएम के लिए भेज दिया जहां पोस्टमार्टम कराने के पश्चात शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया। शिक्षक ने किस कारण फांसी लगाई इसका पता नहीं चल सका। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है।

## प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने की विभाग के कार्यों की समीक्षा

# शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना शासन का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- अधिकारियों को दिए अधूरे निर्माण को बरसात पूर्व पूरा कराने के निर्देश

प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक प्रबोध मिंज, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, ननि सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी, जिपं अध्यक्ष देवनारायण यादव, कलेक्टर अजीत वसंत, एसपी राजेश अग्रवाल, जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने जिले में संचालित शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी ली तथा कहा कि जनप्रतिनिधियों को उनसे सम्बंधित क्षेत्र के स्वीकृत आवासों की सूची उपलब्ध कराएं। शेष निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करें तथा लोगों को समय सीमा में निर्माण पूरा करने प्रोत्साहित करें। अम्बिकापुर शहरी क्षेत्र में लोगों का पेयजल, बिजली आपूर्ति संबंधी समस्या ना हो, अधिकारी समस्या का यथाशीघ्र निराकरण करें। उन्होंने समस्या का यथाशीघ्र निराकरण करें। उन्होंने सड़कों का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार सड़कों के सुधारीकरण एवं मरम्मत के निर्देश दिए तथा बारिश के मौसम से पूर्व सभी निर्माण कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने कहा। उन्होंने पेड़ों की अवैध कटाई को रोकने, नवीन वृक्षारोपण करने, हाथियों से हुई जनहानि में मृतक के परिवार को यथाशीघ्र सहायता राशि प्रदान करने निर्देशित किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन की बहुत सी योजनाओं के लिए ई-केवाईसी जरूरी है इसलिए प्राथमिकता के साथ लोगों का ईकेवाईसी करवाएं। महतारी वंदन योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाना सुनिश्चित करें, पात्र हितग्राहियों का नाम ना छूटे। बैठक में उन्होंने केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालयों में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा प्रभारी मंत्री मद से शव वाहन की स्वीकृति देने कहा।



बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं

प्रभारी मंत्री ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि आमजन की समस्या का त्वरित निराकरण हो। इस दौरान त्रुटि सुधार, नक्शा बटांकन, सीमांकन, नामांतरण, आधार सीडिंग, डिजिटल हस्ताक्षर, किसान किताब पत्र, जेंडर प्रविष्टि, कोटवारी भूमि, अतिक्रमण सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की।

#### आपसी समन्वय के साथ करें कार्य

बैठक में मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि सरगुजा के सर्वांगीण विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय हो। शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर काम करने के निर्देश दिए।

#### किसानों को समय पर पर्याप्त खाद बीज उपलब्धता करें सुनिश्चित

समीक्षा बैठक में मंत्री श्री चौधरी ने जिले में खाद-बीज की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को किसानों को समय पर खाद - बीज उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लघु एवं सीमांत कृषकों को प्राथमिकता के आधार पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए।जिले के सभी खाद विक्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करें। उर्वरक की कालाबाजारी ना हो, इसका विशेष ध्यान रखें। जिले में पर्याप्त मात्रा में बीजों का भी भंडारण रहे और वितरण समय पर हो।



### आईटीआई कॉलेज और छात्रावास की जमीन पर निजी दावे से मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- फर्जी पट्टे की आशंका पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

ग्राम पंचायत करजी में संचालित आईटीआई कॉलेज एवं छात्रावास की जमीन को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि शासकीय भूमि पर फर्जी तरीके से पट्टा जारी कर एक निजी व्यक्ति ने अपना दावा किया है। मामले के सामने आने के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है और ग्रामीणों ने जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तथा चक्का जाम की चेतावनी दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम करजी के उद्देनु पारा में आईटीआई कॉलेज और छात्रावास पिछले लगभग 15 वर्षों से संचालित हैं। वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा इस संस्थान का लोकार्पण भी किया गया था। वर्तमान में कॉलेज परिसर में बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया था। इसी दौरान एक निजी व्यक्ति द्वारा निजी भूमि बताकर बाउंड्री वाल निर्माण को निजी व्यक्ति द्वारा तहसील कार्यालय से स्थगन कर दिया जिसके बाद बाउंड्री वाल निर्माण को रोक दिया गया। इसके बाद पूरा मामला गांव में चर्चा का विषय बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि जिस व्यक्ति के नाम पर पट्टा जारी हुआ है उसके बारे में गांव के अधिकांश लोगों को कोई जानकारी नहीं है। उनका आरोप है कि राजस्व अभिलेखों में हेरफेर कर शासकीय भूमि को निजी नाम पर दर्ज किया गया है। ग्रामीणों का सवाल है कि यदि भूमि निजी स्वामित्व की थी, तो फिर पिछले डेढ़ दशक से वहां शासकीय आईटीआई कॉलेज और छात्रावास का संचालन कैसे हो रहा था। ग्राम करजी के सरपंच संजय कुमार ने बताया कि आईटीआई कॉलेज और छात्रावास का निर्माण लगभग 15 वर्ष पूर्व शासकीय भूमि पर हुआ था। जिस व्यक्ति मदन सिंह के नाम पर पट्टा जारी हुआ है, वह तीन से चार वर्ष पहले का बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जांच की मांग करते हुए आवेदन भी दिया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। यदि पट्टा निरस्त नहीं किया गया तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस संबंध में तहसीलदार कावेरी मुखर्जी ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। बाउंड्रीवाल निर्माण, नक्शा, खसरा तथा संबंधित भूमि अभिलेखों का परीक्षण किया जा रहा है।

### शासकीय आईटीआई के प्रशिक्षण ट्रक से चोरों ने पार किया टायर और बैटरी



**रामानुजगंज।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रशिक्षण कार्य हेतु उपयोग किए जा रहे टाटा सिग्ना ट्रक से चोरों द्वारा टायर और बैटरी चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद संस्था प्रबंधन ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार व्यवसाय मैकेनिक डीजल के विद्यार्थियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण देने के लिए संचालनालय से हाल ही में टाटा सिग्ना ट्रक उपलब्ध कराया गया था। वाहन संस्थान परिसर में खड़ा था। इसी दौरान चोरों ने वाहन के पीछे लगे चारों चक्कों को रिंग सहित निकाल लिया। इसके अलावा वाहन की स्टेपनी तथा बैटरी भी चोरी कर ली गई। संस्थान प्रशासन द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके आधार पर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार चोरी गए टायर, रिंग और बैटरी की कुल कीमत लगभग डेढ़ से दो लाख रुपये के बीच बताई जा रही है। हालांकि पुलिस जांच के बाद वास्तविक नुकसान का आंकलन स्पष्ट हो सकेगा। घटना ने संस्थान की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशिक्षण के लिए उपयोग किए जाने वाले सरकारी वाहन से इस प्रकार की चोरी होने के बाद संस्थान प्रबंधन और विद्यार्थियों में चिंता का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा चोरों की तलाश जारी है।

### बाइक भिड़ंत में गंभीर किशोर की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम मानी व पोड़ी के बीच दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुर्घटना में गंभीर हुए एक किशोर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम मोहनपुर निवासी अगस्त बाबू आ. चंद्रशेखर (15 वर्ष) 4 जून को बुआ के बेटा अमरूद के साथ बाइक से किसी काम के सिलसिले में बाइक से अंबिकापुर आए थे। शाम को दोनों वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम मानी व पोड़ी के बीच पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार अगस्त गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके बुआ के लड़के को मामूली चोटें आई। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर गत दिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## एसईसीएल बिश्रामपुर के अधिकतर क्वार्टरों में बाहरी लोगों का कब्जा, कोल कर्मचारियों को नहीं मिल पा रहे आवास

- कम्पनी के 288 क्वार्टर जर्जर पड़े, 475 क्वार्टरों के कब्जाधारियों की बनी सूची
- कोल कम्पनी को अपने कर्मचारियों को देना पड़ रहा आवास भत्ता, हर माह पड़ रहा अतिरिक्त वित्तीय बोझ

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कंपनी के लगभग 3,491 आवास होने के बावजूद करीब 700 कर्मचारियों को आवास भत्ता यानि ए च आ र ए देना पड़ रहा है। आवासों की उपलब्धता के बावजूद बड़ी संख्या में क्वार्टरों पर अवैध कब्जे और जर्जर आवासों के कारण कर्मचारियों को कंपनी आवास नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे हर माह कंपनी पर 10 लाख रुपये से अधिक का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार बिश्रामपुर, कुमदा और आरजीके सब एरिया को मिलाकर कुल 3,491 कंपनी आवास हैं। इनमें 288 आवास क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं, जबकि लगभग 475 आवासों पर बाहरी व्यक्तियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कब्जा बताया जा रहा है। इसी वजह से पात्र कर्मचारियों को आवास उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं और उन्हें एचआरए यानि आवास भत्ता का भुगतान किया जा रहा है।स्थिति को गंभीर मानते हुए क्षेत्रीय प्रबंधन ने सभी आवासों का नए सिरे से सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए टीम गठित कर सर्वे कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

मामले में संपदा अधिकारी जीके रॉय ने कहा कि अवैध रूप से कंपनी आवासों में रह रहे लोगों को स्वयं क्वार्टर खाली कर देना चाहिए, अन्यथा उन्हें न्यायालयीन कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कई प्रकरण तैयार किए जा चुके हैं और अगले 15 से 20 दिनों में उन्हें सम्पदा न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

#### प्रबंधन अब सख्ती के मुड़ में, 27 आवास कराए खाली

प्रबंधन द्वारा नए वित्तीय वर्ष से अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए जाने का असर दिखाई देने लगा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार हाल के दिनों में 27 लोगों ने कंपनी को क्वार्टर खाली कर उसकी चाबी सौंप दी है। इसके अलावा लंबे समय से आवास खाली नहीं करने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अन्य अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। प्रबंधन ऐसे मामलों को सम्पदा न्यायालय में प्रकरण चलाने की तैयारी में है।

#### नियम विरुद्ध जारी आबंटन आदेशों की होगी जांच

प्रबंधन के अनुसार कंपनी आवासों के नियम विरुद्ध तरीके से आबँटित आदेशों के जरिए शिक्षक, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग सहित राज्य शासन के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने कंपनी आवासों पर कब्जा कर लिया है।प्राप्त जानकारी अनुसार सूरजपुर कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ रहे एक कथित लिपिक द्वारा अपर कलेक्टर के पदनाम का दुरुपयोग कर कथित रूप से नियम विरुद्ध गलत आबंटन पत्र जारी किए जाते रहे हैं।जारी हुए क्वार्टर आबंटन पत्र में एसईसीएल प्रबंधन को निर्धारित किराया वसूली करने के लिए निर्देशित किया गया , लेकिन अब तक कथित रूप से कब्जाधारियों से कोई किरायावसूली नहीं हो पाई है और न ही कब्जा खाली कराया जा सका है।सैकड़ों की संख्या में क्वार्टरों में कब्जा होने के अब कई वर्षों बाद कम्पनी प्रबंधन की नींद टूटी है, प्रबंधन का कहना है कि कंपनी आवास एसईसीएल की संपत्ति हैं और उनका आवंटन केवल कंपनी के नियमों के अनुसार ही किया जा सकता है। इसलिए अब सभी संदिग्ध आबंटनों का सत्यापन कराया जाएगा। संबंधित आवासों में रहने वालों को नोटिस जारी कर जवाब और दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

## भवन निर्माण में भारी लापरवाही, घटिया सामग्री का उपयोग करने का आरोप

- क्षेत्र के ग्रामीणों ने की जांच व कार्रवाई की मांग

**ओड़गी।** ओड़गी में आबकारी विभाग भवन निर्माण में लापरवाही बरतने पर क्षेत्र ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने भवन निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग करने तथा भवन गुणवत्ताहीन बनाने पर जांच व कार्रवाई करने की मांग की है।

आबकारी विभाग द्वारा प्रकाश इंडस्ट्रीज भैयाथान के माध्यम से 19 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवाल उठने लगे है। सूत्रों के मुताबिक गुणवत्ता को ताक पर रखकर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि भवन की ढलाई में जीरा गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है, जो निर्माण मानकों के विपरीत है। इससे भी चौंकाने वाली बात यह है कि हल्की बारिश होते ही निर्माण में उपयोग की गई ईंटों की गुणवत्ता की पोल खुल गई है। हालही में हुई बारिश से ईंटें गलने लगी हैं। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ईट की गुणवत्ता कैसी है। निर्माण में बेहद घटिया किस्म की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। 19 लाख रुपये की लागत से बन रहे इस भवन के निर्माण में लापरवाही चरम पर है। जिस तरह से निर्माण चल रहा जिससे लगता है कि निर्माण स्थल पर कोई उचित निगरानी नहीं की जाती है। भवन निर्माण की देख रेख नहीं होने से ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण कर रहे हैं। इस तरह की घटिया सामग्री और बिना देखरेख के बन रहे भवन के स्थायित्व पर भी सवाल उठने लगे है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह भवन आखिर कब तक खड़ा रह पाएगा। यदि यह भवन जल्द ही जर्जर हो जाता है, तो यह सरकारी धन का सीधा दुरुपयोग होगा। ग्रामीणों ने इस पूरे प्रकरण पर स्थानीय प्रशासन और आबकारी विभाग को तत्काल संज्ञान में लेने की मांग की है। साथ ही मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



#### कराई जाएगी जांच

भवन निर्माण में लापरवाही बरती जा रही और घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।
-**कौशल विश्वकर्मा**, प्रकाश कोल माइंस सब इंजीनियर



## पंप चोर गिरोह के सदस्य व खरीदार समेत 7 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- चोरी हुए आधा दर्जन समरसिबल पंप किये गये बरामद

जिले के जयनगर थाना अंतर्गत लटोरी चौकी पुलिस ने पंप चोरी के मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी के पंप खरीदने वाले आरोपियों सहित कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 समरसेबल और 3 मोनोब्लॉक पंप समेत अन्य चोरी का सामान बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार पूर्व में 6 जून 2025 को पंप चोरी गिरोह के दो आरोपियों कृष्णा पंडो और इंदर पंडो सहित एक विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से चोरी के पंप जब्त किए गए थे। मामले की विवेचना जारी थी। इसी दौरान 7 जून 2026 को अनुज राजवाड़े (द्वारिकानगर), संतोष ठाकुर (लटोरी) और पितांबर राजवाड़े (मंजीरा) ने अपने खेत और बाड़ी से पंप चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। मुखबिर से प्राप्त सूचना और विवेचना में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस ने तिलेश्वर प्रसाद राजवाड़े (39), इंद्रपाल पैकरा (32), लालमोहन चेरवा (25), बिवेश्वर चेरवा उर्फ दारू (23), टेमसाय उर्फ जदु (23), गणेश राजवाड़े (35) तथा पारस पैकरा (31) को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी मंजीरा क्षेत्र के निवासी हैं। आरोपियों को सोमवार 8 जून को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक मोनोब्लॉक पंप, गंगा कावेरी कंपनी का एक समरसेबल पंप, सीआरआई कंपनी का एक समरसेबल पंप तथा अन्य मोनोब्लॉक पंप जब्त किए हैं। कार्रवाई में लटोरी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक दिलेश्वर सिंह, रामनिवास तिवारी तथा आरक्षक संतोष जायसवाल, विकास मिश्रा, हरिओम पांडेय, शोभनाथ कुशवाहा, सुनील एक्का सक्रिय रहे।बता दें कि क्षेत्र में लगातार हो रही पंप चोरी की घटना के बाद दर्जन भर गांव के ग्रामीण एकजुट होकर लटोरी पुलिस के खिलाफ पिछले दिनों मोर्चा खोल विरोध प्रदर्शन किया था, साथ ही पम्प चोरों को पकड़कर पुलिस को सौंपा था।काफी हो हंगामे के बाद मामले में लटोरी पुलिस की खासी किरकिरी हुई थी जिससे सबक लेते हुए पुलिस ने पंप चोरी में शामिल आरोपियों को पकड़कर उनसे चोरी का सामान जप्त कर सभी को सोमवार को सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।




### संयुक्त टीम ने अवैध तरीके से संचालित दो क्लीनिक को किया सील

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन की संयुक्त टीम ने विकासखण्ड रामचंद्रपुर में अवैध रूप से संचालित दो क्लीनिक को सील किया है।

शासन द्वारा निर्धारित निर्देशों की अवहेलना कर मनमानी पूर्वक क्लीनिक एवं दवा दुकान का संचालन करने के विरूद्ध प्रशासन सख्त हो गया है। कलेक्टर के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन ने सोमवार को प्रशासन की संयुक्त टीम ने विकासखण्ड रामचंद्रनगर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में संचालित क्लीनिक एवं दवा दुकानों की जांच की। इस दौरान हिन्द मेडिकल एवं देवांगन मेडिकल में गंभीर शिकायतें मिलने पर टीम ने दोनों क्लीनिक को सील कर दिया। बीएमओ डॉ.महेश गुप्ता ने बताया कि जांच के दौरान हिंद मेडिकल के लाइसेंस की अवधि समाप्त हो गई थी तथा संचालक द्वारा लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया गया था। अनियमितता पर क्लीनिक को तत्काल सील कर दिया गया। इसी तरह देवांगन मेडिकल का संचालन वैद्य अनुमति करना पाया गया।

क्लीनिक में मेडिकल कचरा के प्रबंधन में भारी लापरवाही पाई गई। अवैध तरीके से संचालित क्लीनिक को सील किया गया है। उन्होंने बताया अवैध तरीके से संचालित क्लीनिकों की जांच आगे भी जारी रहेगी।



# वेलकम टू द जंगल ने रिलीज से पहले ही कमाए 120 करोड़

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' ने ओटीटी, सैटेलाइट, ऑडियो और दूसरे राइट्स बेचकर करीब 120 करोड़ कमा लिए हैं। यानी फिल्म ने रिलीज से पहले ही अपनी लागत का बड़ा हिस्सा निकाल लिया है, जिससे मेकर्स को काफी राहत मिली है। एक ट्रेड सोर्स के अनुसार, 'फिलहाल मेकर्स ने करीब 120 करोड़ का डील फाइनल कर लिया है। अब उन्हें थिएटर से उतनी ज्यादा कमाई की जरूरत नहीं होगी। 'वेलकम'एक बड़ा और पॉपुलर फ्रेंचाइजी है। इसके पहले दो पार्ट 'वेलकम' (2007) और 'वेलकम बैक' (2015) लोगों को खूब पसंद आए थे।

## लाइफ Style

# हिना
## हम सभी करते हैं गलतियां



'भाबीजी घर पर हैं'के निर्माता पर यौन उत्पीड़न के झूठे आरोप के खुलासे के बाद शिल्पा शिंदा सुर्खियों में हैं। वहीं, शिल्पा शिंदे पर जुबानी हमला करने के बाद हिना खान भी लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। हिना ने शिल्पा शिंदे की आलोचना की थी। इसके बाद हिना को लोगों ने निशाने पर लिया था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब हिना खान ने आलोचकों को जवाब दिया है। हिना खान ने इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों के लिए नोट साझा किया है। ट्रोलिंग के बीच एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स के लिए एक संदेश साझा किया, इसमें उन्होंने नफरत की जगह दयालुता को चुनने की अपील की। हिना ने लिखा, 'हम सभी गलतियां करते हैं और समय के साथ हम सभी बदलते हैं। मैंने यहां-वहां कुछ ट्वीट पढ़े, मैंने हमेशा नफरत के बजाय दयालुता, प्यार और ह्यूमिनिटी को चुना है। अगर आप मेरे फैन हैं, तो मैं आपसे भी इसी दृढ़ता और स्पष्टता के साथ व्यवहार करने की अपील करती हूं।'अभिनेत्री ने अपने फॉलोअर्स को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि दूसरों के प्रति नफरत और कठोर व्यवहार किए बिना हमें अपनी बात मनवाने के लिए इतना नीचा नहीं गिरना चाहिए। हम अमानवीय या नफरत भरे हुए बिना भी ऐसा कर सकते हैं। हम हमेशा शालीनता से अपनी बात रख सकते हैं और फिर भी प्रभावी हो सकते हैं। करुणा और प्रेम हमारी ताकत होनी चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते और उन लोगों की तरह व्यवहार करते हैं जो बेकार में नफरत फैलाते हैं और ट्रोल करते हैं, तो मैं आपको ब्लॉक कर दूंगी, चाहे आप मेरे फैन ही क्यों न हों।

## हॉलीवुड मसाला

# मेहमानों को दिया सनस्क्रीन



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर निक जोनस हमेशा अपनी बीवी प्रियंका चोपड़ा की तारीफ में लगे रहते हैं, चाहे वो पॉप स्टार हों, एक्टर हों या निर्माता, लेकिन उनके फैंस अक्सर उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी एक्साइटेड रहते हैं। एक बातचीत के दौरान उन्होंने प्रियंका के 40वें जन्मदिन के जश्न में किए गए अपने एक नेक काम के बारे में भी बताया। निक ने बताया कि उन्होंने जश्न में आए सभी मेहमानों को सनस्क्रीन गिफ्ट में दी थी, ताकि वे गर्मी से सुरक्षित रहें। निक ने प्रियंका को लेकर कहा, 'वह बहुत प्यारी हैं।




# हैरी पॉटर के किरदार में ढले बॉलीवुड सितारे

लॉस एंजिल्स। 'हैरी पॉटर' सीरीज साल 2001 से 2011 के बीच रिलीज हुई सिनेमा इतिहास की सबसे अधिक कमाई करने वाली फ्रेंचाइजी में से एक है। जरा सोचिए, अगर यही सीरीज बॉलीवुड में बनी होती तो कौन से एक्टर किस रोल में फिट होते। दिमाग के इसी फितूर को रियल में तैयार किया है एआई ने और दिखाया है कि 'हैरी पॉटर' बॉलीवुड कलाकारों के साथ बनती तो सब कैसे दिखते। अब 'हॉगवर्ट्स' के उस इमैजिनेशन की झलक देखते हैं जहां हमारे बॉलीवुड के सितारे 'हैरी पॉटर' सीरीज के किरदार में कैमरे के सामने पोज देते नजर आ रहे हैं। इनमें से कुछ तो इतने मिलते-जुलते दिख रहे हैं कि दर्शक हैरान हो रहे। एआई जेनरेटेड इस वीडियो में कार्तिक आर्यन से लेकर वरुण धवन, कृति सेनन, सैफ अली खान जैसे तमाम कलाकार नजर आ रहे हैं।



# हीरोइन को ऑब्जेक्ट दिखाने पर भड़कीं

**नई दिल्ली।** पेद्दी आई और जाह्नवी कपूर के बोल्ड सीन्स पर विवाद छिड़ गया। पहले सोशल मीडिया पर महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई करने का मुद्दा गरमाया, अब सेलिब्रिटीज भी इस मुद्दे पर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक... फिल्मी सितारे हीरोइनों को ऑब्जेक्ट की तरह दिखाने के लिए पेद्दी के मेकर्स पर नाराज हुए। अब जया बच्चन और करीना कपूर खान ने हीरोइनों को ऑब्जेक्टिफाई करने पर अपना रिएक्शन दिया और बताया कि एक बार उनके साथ भी ऐसा हुआ था। जया ने अपने दिन याद किए, जब उन्हें फिल्म में ज्यादा बोल्ड दिखाने की कोशिश की जा रही थी। एक्ट्रेस ने एक बातचीत में कहा- किसी ने भी मेरे साथ हद पार करने की हिम्मत नहीं की। मेरे साथ सिर्फ एक बार ऐसा बुरा अनुभव हुआ था जब एक डायरेक्टर ने मुझे एक 'ऑब्जेक्ट' की तरह देखा था।



# हमारे परिवार की परंपरा है लॉयल रहना

**मुंबई।** एक्टर माधवन ने हाल ही में अपनी पत्नी सरिता के साथ शादी की 27वीं सालगिरह मनाई है। उन्होंने एक बार बताया था कि उनके लिए शादी में लॉयल रहना कभी मुश्किल क्यों नहीं रहा। उन्होंने कहा कि कई खूबसूरत एक्ट्रेसेस के साथ काम करने के बावजूद, उन्हें हमेशा पता रहा कि उनके लिए सबसे ज्यादा जरूरी क्या है। माधवन ने पत्नी सरिता के प्रति वफादारी पर बात करते हुए कहा कि उनके लिए लॉयल रहना बिल्कुल नेचुरल है और यह उनके परिवार की आदत भी है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है लॉयल रहना हमारे परिवार की परंपरा है। मेरे परिवार के लोग जिंदगी के आखिर तक जमशेदजी टाटा के प्रति भी उतने ही लॉयल रहे कि हमारे घर में भगवानों के साथ उनकी फोटो भी माला के साथ लगी रहती थी। इसलिए, सच कहूं तो मुझे लॉयल न रहने के लिए अलग से कोशिश करनी पड़ेगी।'

## टीवी मसाला



# जेनिफर तलाक के 11 साल बाद बनेंगी दुल्हन, विलियम ने चुराया दिल

**नई दिल्ली।** जेनिफर विंगेट अपने तलाक के करीब 11 साल बाद एक बार फिर से शादी को लेकर चर्चा में हैं। अपनी पर्सनल लाइफ को प्राइवेट रखने वालीं जेनिफर की शादी को लेकर पिछले कुछ समय से काफी अटकलें लग रही थीं। अब उनके करीबी सूत्रों के मुताबिक, एक्ट्रेस अपनी लाइफ का अगला जरूरी कदम उठाने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बताया गया है कि जेनिफर विलियम इस्माइल के साथ शादी रचाने जा रही हैं। इस्माइल विलियम सिंगापुर स्थित बिजनेसमैन हैं, जिनके साथ जेनिफर पिछले कुछ समय से डेट कर रही हैं। कहा जा रहा है कि छुट्टियों के दौरान विलियम ने जेनिफर को शादी का ऑफर दिया और जवाब में उन्होंने हां कर दी है। अब दोनों इस वक्त शादी को लेकर प्लानिंग में जुटे हैं। खबरों के मुताबिक, जेनिफर ने वेंडर्स से लेकर शादी से जुड़ी अन्य तैयारियां शुरू कर दी हैं। सूत्रों के मुताबिक, दोनों की ये शादी क्रिश्चियन रीति-रिवाजों से होनी है और सितंबर-अक्टूबर या फिर दिसंबर से लेकर अगले साल जनवरी के बीच कभी भी हो सकती है। बताया जा रहा है कि फिलहाल वो शादी के लिए सही डेस्टिनेशन की तलाश कर रही हैं। खबर ये भी है कि उन दोनों के करीबी दोस्त रहे हरलीन सेठी और जेनेलिया देशमुख जैसे उनके करीबी दोस्तों को उनकी शादी की प्लानिंग का पता है।

## 'उनकी सोच 60 साल पुरानी'

**नई दिल्ली।** दिग्गज एक्टर ललित परिमू ने महिलाओं द्वारा यौन इच्छा बताने वाले मुकेश खन्ना के कमेंट का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि



हालांकि हर किसी को अपनी राय रखने का अधिकार है, लेकिन समाज विकसित हो चुका है और आज महिलाएं अपनी पसंद और जरूरतों के बारे में कहीं अधिक खुलकर बोलती हैं। सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत में परिमू से मुकेश खन्ना के उस बयान के बारे में पूछा गया, जिसमें उन्होंने कहा था, 'कोई भी लड़की अगर किसी लड़के से कहे 'मैं तुम्हारे साथ इंटिमेट होना चाहती हूं, तो वो लड़की नहीं है, वो धंधा करती है।' कमेंट का जवाब देते हुए ललित परिमू ने कहा- इस मामले में मुकेश जी पिछली पीढ़ी के हैं। वो शायद अभी भी 50 या 60 साल पहले वाली भारतीय महिला, भारतीय मिडिल क्लास की पढ़ी-लिखी महिला को देख रहे हैं।' आज तो 10 लड़कियों में से शायद ऐसा कह सकती हैं। कल्चर इतना बदल गया है कि ऐसी कह सकती हैं। औरत के अंदर आज के समय में, खासकर पढ़ी-लिखी, पैसा कमाने वाली और इंटिमेसी में डिमांड करने वाली लड़कियों की कीमत बढ़ गई है।'

# राख से करुप्पु तक, इस वीक ओटीटी पर होगा भरपूर मनोरंजन, रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*__नई दिल्ली।__ नया वीक शुरू हो गया है। सिनेमाघरों में इस वीक खूब बहार रहेगी। मैं वापस आऊंगा, मां इंटी बंगाराम और भारत भाग्य विधाता सहित कई चर्चित फिल्में थिएटर्स में सजने वाली हैं। मगर, ओटीटी पर भी एंटरटेनमेंट का जबरदस्त डोज मिलेगा।*

*__राख__ : इस वीक अली फजल की वेब सीरीज 'राख' दस्तक देगी। इसमें सोनाली बेंद्रे भी अहम भूमिका में हैं। इस वेब सीरीज का निर्देशन प्रोसित रॉय ने किया है। वो इससे पहले 'पाताललोक' सीरीज का निर्देशन भी कर चुके हैं। यह क्राइम इन्वेस्टिगेशन सीरीज 12 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी।*

*__मां है ना__ : यह शिल्पा शेट्टी का कुकिंग रियलिटी शो है। इस शो में जेन-जी सेलेब्स अपनी मां के साथ हिस्सा लेंगे। 10 एपिसोड की यह नॉन-फिक्शन सीरीज छह जेन जेड सेलेब्रिटीज और उनकी मांओं को एक साथ लाएगी। 'मां है ना' 12 जून 2026 से जी5 पर रिलीज होगा।*




*__एवरी ईयर आफ्टर__ : अगर आपको रोमांटिक ड्रामा सीरीज देखने का मन है, तो इस वीक 'एवरी ईयर आफ्टर' देख सकते हैं। यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। दर्शक इसे 10 जून, 2026 से देख सकते हैं। यह आठ एपिसोड की सीरीज है। यह सीरीज 'एवरी समर आफ्टर' नॉवेल पर आधारित है। कहानी बचपन के दो दोस्तों के बारे में है, जो एक उलझी हुई स्थिति में फंस जाते हैं और प्यार व सोलमेट के कॉन्सेप्ट पर सवाल उठाने लगते हैं।*

*__ड्रिडम__ : इस वीक की ओटीटी लिस्ट में 'ड्रिडम' भी शामिल है। मलयालम भाषा की यह फिल्म सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने को तैयार है। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो एक पुलिस वाले की कहानी पर आधारित है। इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर 12 जून से देखा जा सकता है।*

*__तारकटा__ : बंगाली सीरीज 'तारकटा' भी आप देख सकते हैं। यह एक्शन-थ्रिलर वेब सीरीज है, जो 12 जून, 2026 से जी5 पर रिलीज होगी। इसमें विक्रम चटर्जी, प्रियंका सरकार और मियांग चांग अहम भूमिकाओं में हैं।*

*__करुप्पु__ : सूर्या और तृषा कृष्णन की फिल्म 'करुप्पु' भी सिनेमाघरो के बाद अब ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। यह एक्शन ड्रामा फिल्म 12 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। आरजे बालाजी निर्देशित इस फिल्म को सिनेमाघरों में अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।*

## मैं वापस आऊंगा टीम ने अटारी बॉर्डर पर रचा इतिहास

# रहमान ने गाया 'मां तुझे सलाम'

**नई दिल्ली।** फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' की टीम ने अटारी बॉर्डर (पंजाब) पर देश के वीर जवानों को एक बेहद खूबसूरत और भावुक श्रद्धांजलि दी। ऑस्कर विजेता संगीतकार ए आर रहमान ने पहली बार अटारी बॉर्डर पर लाइव परफॉर्मेंस दी है। जिसे देखने के लिए स्टेडियम में हजारों लोग मौजूद थे। ए.आर. रहमान ने 'चंदा सूरज लाखों तारे' गाने से शुरुआत की। इसके बाद मोहित चौहान, वेदांग रैना, नीलांजना घोष और पूजा तिवारी जैसे कलाकारों ने फिल्म के नए गानों पर शानदार परफॉर्मेंस दी। कार्यक्रम का समापन रहमान के मशहूर देशभक्ति गीत 'मां तुझे सलाम' के साथ हुआ, जिससे पूरा स्टेडियम जोश और तालियों से गूंज उठा। यह खास कार्यक्रम सीमा सुरक्षा बल के जवानों के सम्मान में आयोजित किया गया था, जिसका नाम था 'जय हो- ए म्यूजिकल सैल्यूट टू द ब्रेवहार्ट्स'। इस दौरान फिल्म के डायरेक्टर इम्तियाज अली, एक्टर वेदांग रैना और 'मैं वापस आऊंगा'के निर्माताओं ने जवानों का आभार मानकर कार्यक्रम की शुरुआत की। फिल्म के गानों को



देश के सैनिकों के साहस को समर्पित किया गया। मैं वापस आऊंगा को लेकर इम्तियाज अली ने कहा, 'यह फिल्म 1947 के भारत-पाकिस्तान विभाजन की कहानी पर आधारित है। यह हमें याद दिलाती है कि उस दौर में सिर्फ जमीन ही नहीं, बल्कि लोगों के दिल भी टूटे थे। हम इस फिल्म के जरिए प्यार और एकता का संदेश देना चाहते हैं।' फिल्म मैं वापस आऊंगा में दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, शरवरी और वेदांग रैना मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का संगीत ए.आर. रहमान का है और गाने इरशाद कामिल ने लिखे हैं। यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## राज कपूर का वो भाई, जिसे सिनेमा ने भुलाया!

# फिल्मों का अमीर सेठ, हीरोइनों का खड़ूस बाप, आवाज से थरर्ाते थे हीरो



*__नई दिल्ली।__ हिंदी सिनेमा में कपूर खानदान का रुतबा आज भी जारी है। ये रुतबा आज या कल से नहीं बल्कि कई दशकों से है। कपूर खानदान की जड़ें हिंदी सिनेमा में काफी पहले से हैं और यही वजह है कि कपूर खानदान के लोग आज भी सिनेमा में एक्टिंग कर रहे हैं। पृथ्वीराज कपूर से शुरू हुआ कारवां आज रणबीर कपूर और करीना कपूर तक आ पहुंचा है, लेकिन इसी कपूर खानदान में एक ऐसा भी स्टार आया जिसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। कौन है वो फिल्मों का अमीर सेठ और हीरोइन का खड़ूस बाप, जिसकी एक आवाज से थर्रा उठते थे सिनेमाघर, आज कहानी उन्हीं की...*

### कौन थे पिंचू कपूर?

कपूर खानदान के जिस एक्टर की हम बात कर रहे हैं असल में वह पिंचू कपूर थे। वही पिंचू कपूर जो असल में राज कपूर के भाई थे। पिंचू कपूर पृथ्वीराज कपूर के भतीजे और शोमैन राज कपूर, शम्मी कपूर और शशि कपूर के कजिन भाई (चचेरे भाई) थे। इसके बावजूद उन्होंने इंडस्ट्री में कभी इस नाम का सहारा नहीं लिया और खुद को एक स्वतंत्र कलाकार के रूप में स्थापित किया। यही वजह है कि उन्होंने सिनेमा में कई फिल्में की, लेकिन यह बहुत कम लोगों को मालूम था कि वो असल में कपूर खानदान से ताल्लुक रखते हैं। पिंचू कपूर का जन्म 1927 में अविभाजित भारत के रावलपिंडी (अब पाकिस्तान में) में हुआ था। बाद में उनका परिवार भारत के जयपुर में आकर बस गया। उनका असली नाम लाल पुष्पेंद्र कपूर था। हालांकि, लोग उन्हें पिंचू कपूर के नाम से जानते थे।

### अपनी अलग पहचान बनाई

कभी वो हीरोइन के खड़ूस बाप बनते थे, तो कभी अमीरी का रुतबा दिखाते हुए नजर आते थे। जज, वकील, पुलिस कमिश्नर, अमीर बिजनेसमैन या कड़क पिता के किरदारों ने उन्हें अलग पहचान दिलाई। उस दौर में जहां विलेन बहुत लाउड हुआ करते थे, पिंचू कपूर ने बड़े ही शांत और स्टाइलिश विलेन के तौर पर खुद को पेश किया, जो धोखे से जाल बुनते थे। इस तरह से उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई थी। 28 अप्रैल 1989 को महज 62 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया।

### असल जिंदगी में भी रहते थे ठसन से

इसके बाद वह साल 1978 में डॉन में दिखे। इस फिल्म में उन्होंने इंटरपोल ऑफिसर आर.के. मलिक की बेहद अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म का वो सीन आज भी याद किया जाता है, जिसमें नकली बने अमिताभ बच्चन उन्हें पहचानते हैं। इसके बाद वह अवतार, कर्ज, झूठा कहीं का, कामचोर, शराबी और हकीकत समेत कई फिल्मों में वह नजर आए। बड़ी बात यह है कि उन्हें ज्यादातर फिल्मों में अमीर सेठ के किरदार में देखा गया। जी हां, असल में जिंदगी में भी वह काफी ठसक में रहते थे। उनका परिवार रसूखदार था। वहीं, फिल्मों में भी उन्हें इसी तरह के किरदार मिलते थे।

### 70- 80 के दशक में फिल्मों में छोड़ी गहरी छाप

हिंदी सिनेमा के इतिहास में जब भी रौबीले और कड़क किरदारों की बात होती है, तो पिंचू कपूर का नाम बड़े सम्मान से लिया जाता है। अपनी कड़क आवाज, सूट-बूट वाली शानदार पर्सनालिटी और सधे हुए अभिनय के दम पर उन्होंने 70 और 80 के दशक की फिल्मों में एक गहरी छाप छोड़ी। सिनेमा में आने से पहले वो थिएटर किया करते थे। थिएटर करने के बाद उन्हें लगा कि अब उन्हें सिनेमा में हाथ आजमाना चाहिए तो वो जयपुर से सीधा अपने भाइयों राज कपूर और शशि कपूर के पास आ गए। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 60 के दशक में की थी। शुरुआत में वह यहूदी, हाउसहोल्डर और दो बूंद पानी जैसी फिल्मों में दिखे। हालांकि, असली ब्रेक उन्हें साल 1973 में आई बॉबी से मिला। भाई राज कपूर की इस फिल्म में वह राज शर्मा (ऋषि कपूर के दोस्त के पिता) के किरदार में दिखे।

## खबर संक्षेप

### ओपी के विकास से तनाव में कांग्रेसः दीवान

**रायगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 5 जून पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण विभाग के घेराव की घोषणा पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस बढ़ते प्रदूषण और बढ़ते बीमारियों से नहीं, बल्कि अपनी हार और ओपी चौधरी के विकास कार्यों को देखकर मानसिक तनाव में है। तनावग्रस्त अवस्था की वजह से कांग्रेस को हर तरफ हताशा और बौखलाहट नजर आ रही है। श्री दीवान ने कहा कि कांग्रेस को आज किसी भी मुद्दे पर जनता का साथ नहीं मिल रहा। कुछ अवसरवादियों का समूह निज स्वार्थ के लिए विकास के विरोध की राजनीति कर रहा है। ताकि विरोध की आड़ में राजनैतिक स्वार्थ की रोटी सेक सके। कांग्रेस के मुख्यमंत्री रहे अजीत जोगी ने स्थानीय उद्योग के हाथों जंगल जमीन पानी सब कुछ गिरवी रख दिया। उद्योगों का विकास तो हुआ। लेकिन आम जनता के लिए परेशानी छोड़ गया। भूपेश सरकार ने लगातार एमओयू किया ताकि 10 जनपथ द्वारा दिया गया वसूली का टारगेट पूरा हो और भूपेश की कुर्सी सलामत रहे। 5 साल में भूपेश सरकार के विधायक शहर सरकार विकास की एक ईंट नहीं रख पाई। दीवान ने ओपी के ढाई सालों का हिसाब देते हुए कांग्रेस के पांच सालो का हिसाब मांगा है।

### बुआई से पहले किसानों को बड़ा झटका : खेमराज

**रायगढ़।** इस वर्ष सीजन की बुआई शुरू होने से पहले किसानों को महंगाई का बड़ा झटका सामने दिखाई देने लगा है। रायगढ़ सहित प्रदेश में बीज, खाद, कीटनाशक, डीजल और मजदूरी दरों में लगातार बढ़ोतरी के कारण खेती की लागत में भारी इजाफा हुआ है। कृषि विशेषज्ञों और किसान संगठनों का कहना है कि इस वर्ष प्रति एकड़ खेती का खर्च पिछले साल की तुलना में 8 से 10 हजार रुपये तक बढ़ सकता है। किसानों के अनुसार डीएपी, एनपीके जैसे उर्वरकों की कीमतों में बढ़ोतरी, डीजल के बढ़े खर्च और कृषि मजदूरी दरों ने खेती को और महंगा बना दिया है। वहीं कई क्षेत्रों में गुणवत्तायुक्त बीज भी ऊंचे दामों पर उपलब्ध हो रहे हैंए जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान नेता खेमराज नायक का कहना है कि जब छत्तीसगढ़ में खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, तब फसलों के उचित दाम और समय पर कृषि सहायता मिलना बेहद जरूरी है। यदि सरकार किसानों को अतिरिक्त राहत नहीं देती है तो छोटे और सीमांत किसानों पर आर्थिक दबाव और बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि आज किसानों को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। 2022 तक किसानों का आय दुगुनी करने के नाम से आई भाजपा सरकार किसानों को लगातार छल रही है।

### स्व. ओम प्रकाश की पुण्यतिथि पर फल वितरित



**बरमकेला।** स्वर्गीय ओम प्रकाश सिंह की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर शिव सेवा संकल्प संस्थान द्वारा बरमकेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों एवं जरूरतमंद लोगों के बीच फल एवं बिस्किट का वितरण कर स्वर्गीय ओम प्रकाश सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के माध्यम से संस्था ने मानव सेवा और समाज कल्याण का संदेश देते हुए उनके आदर्शों को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय ओम प्रकाश सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई।

### ब्लैक स्पॉट में संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टिव रोड मार्किंग करने कहा

# कलेक्टर ने दिए सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिले में स्वीकृत एवं निर्माणाधीन सड़क निर्माण परियोजनाओं में तेजी लाने एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों की समन्वय बैठक ली।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप कुमार साहू, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, भारतमाला परियोजना, वन विभाग, पुलिस विभाग, खाद्य विभाग एवं सेतु विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने एनएचएआई, भारतमाला परियोजना सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने भूमि अधिग्रहण, मुआवजा वितरण, पेड़ कटाई की स्वीकृतियां, कानून-व्यवस्था संबंधी विषयों तथा निर्माण कार्यों में आ रही अड़चनों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिग्रहित भूमि से संबंधित लंबित मुआवजा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों में अनावश्यक रूप से बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को मुआवजा वितरण एवं अन्य मामलों से संबंधित सिविल न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने को कहा। बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने वन क्षेत्र से गुजरने वाली सड़क परियोजनाओं के अंतर्गत आवश्यक पेड़ कटाई एवं अन्य वन स्वीकृतियों की भी जाकारी ली और संबंधित विभागों को वन विभाग से समन्वय स्थापित कर नियमानुसार प्रक्रियाओं का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर श्री व्यास ने दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में चेतावनी संकेतक बोर्ड, रंबल स्ट्रिप्स, रिफ्लेक्टिव रोड मार्किंग, चमकती चेतावनी लाइटें एवं अन्य आवश्यक तकनीकी सुधार कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने भी सड़क सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन पर विशेष बल देते हुए चिन्हित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में आवश्यक सुधारात्मक कार्य एवं सुरक्षा संकेतकों की स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की जानकारी दी और अधिकारियों से आम नागरिकों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को कहा। बैठक में भारतमाला परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### सर्वोच्च न्यायालय का समाधान समारोह

## आपसी सहमति से होगा लंबित मामलों का त्वरित निराकरण

**जशपुरनगर।** न्याय को सरल, सुलभ एवं सहभागी बनाने की दिशा में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा "समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026" का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष पहल 21 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी परिणति 21, 22 एवं 23 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित विशेष लोक अदालत के रूप में होगी।

समाधान समारोह का मुख्य उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति, संवाद और सुलह के माध्यम से त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण करना है। इस प्रक्रिया के तहत पक्षकारों को न्यायालयीन विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का अवसर मिलेगा। विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित ऐसे मामलों को शामिल किया जाएगा, जिनका समाधान आपसी सहमति से संभव है। इनमें पारिवारिक विवाद, दुर्घटना दावा प्रकरण, चेक बाउंस मामले, भू-अधिग्रहण संबंधी प्रकरण, आपराधिक सुलहनीय मामले, श्रम संबंधी विवाद तथा अन्य राजीनामा योग्य मामले शामिल हैं। किसी भी मामले का निराकरण दोनों पक्षों की सहमति से ही किया जाएगा। समाधान समारोह के अंतर्गत 21 अप्रैल से ही सुलह एवं संवाद की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। लोक अदालत के आयोजन से पूर्व पक्षकारों के बीच सुलह का प्रयास करने के लिए विभिन्न स्तरों पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में संबंधित पक्षकार एवं उनके अधिवक्ता भाग ले सकते हैं। सुलह बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं समितियों के मध्यस्थता केंद्रों में किया जाएगा, जहां प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी पक्षकारों की सहायता करेंगे। पक्षकार इन बैठकों में सशरीर अथवा वर्चुअल माध्यम से भी शामिल हो सकते हैं। अपने ऐसे मामले, जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं, उन्हें समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) में शामिल करने के लिए विशेष गूगल फॉर्म उपलब्ध कराया गया है। इच्छुक पक्षकार निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। गूगल फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी गई है।





### सोक पीठ, कंटूर ट्रेंच डबरी जैसी संरचनाओं बढ़ा रही है जल संचयन की क्षमता

## जिले के ग्राम नीमगांव में जल संरक्षण की अनोखी पहल

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर जिले के ग्राम पंचायत नीमगांव में एक अनोखी पहल देखने को मिली। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मनरेगा तथा जन भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण एवं भू जल संवर्धन के लिए विभिन्न नवाचार आधारित संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है जिससे वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिलने के साथ ग्रामीण आजीविका को भी नई मजबूती मिल रही है।

इसी क्रम में गांव के सरपंच नागेंद्र भगत द्वारा जल संवर्धन के कार्यों का निर्माण कराया गया जशपुर कलेक्टर से रोहित व्यास के दिशा निर्देश में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जशपुर अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत नीमगांव में 2587 कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया गया। नागेंद्र ने बताया कि कंटूर ट्रेंच ढलान में बनाए जाते हैं इससे बारिश का पानी उसमें जमा हो जाता है और भूमि द्वारा सोख लिया जाता है। इसके अलावा 5 प्रतिशत मॉडल खेतों के किनारे बनाया जाता है जिससे बारिश का पानी उसमें जमा होकर खेतों को नमी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि गांव के हेडपंप के पास लगभग 30 सोक पीठ का निर्माण किया गया है जिससे गंदे पानी का निपटान होता है। इसके अलावा उन्होंने डबरी के बारे में जानकारी दी और



कहा कि गर्मी के मौसम में भी डबरी लबालब भरी हुई है इन डबरियों में वर्षा का जल संग्रहण होता है जिससे किसानों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

## 6 सालों से नहीं हुआ नजूल रिकार्ड अपडेट, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

सारंगढ़ विगत 6 सालों से भी पहले से सारंगढ के नजूल रिकार्ड अपडेट नहीं होने से लोगों को अपनी ही भूमि का ना तो फौती दुरूस्ती हो पा रहा है और ना ही नामांतरण हो पा रहा है। जिसके कारण नजूल क्षेत्र के नागरिकों को ना तो प्रधामंत्री आवास का लाभ मिल पा रहा है और ना ही किसी अन्य योजनाओं का। वहीं नजूल क्षेत्र के इन नागरिकों को रिकार्ड अपडेट नहीं होने के कारण बैंको से कोई लोन भी नही मिल पा रहा है।

दरअसल सारंगढ़ जो अब जिला मुख्यालय है पहले तहसील मुख्यालय था में तत्कालीन नजूल विभाग के संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण नजुलशीट ही नहीं बन पाया था जिसमे पूरे नजूल क्षेत्र का व्यक्तिशह नक्शा होता है। क्षेत्र की इस समस्या को देखते हुए कांग्रेस सरकार के समय विधायक उत्तरी जांगड़े ने मामला विधानसभा में उठाया था जिसके बाद सारंगढ़ के नजूल क्षेत्र का सिंगल प्रोजेक्ट पास किया गया था जिसमे आयुक्त भू अभिलेख रायपुर के नेतृत्व में पहले सारंगढ़ का ड्रोन सर्वे किया गया। इसके बाद रायपुर राजस्व व सारंगढ़ की सयुक्त टीम के द्वारा स्पॉट सर्वे भी किया गया था फिर नजूलसीट बनाकर रायपुर भी भेजा गया था, लेकिन अब तक 6 साल गुजरने के बाद भी नजूल क्षेत्र के नागरिकों को अब तक राहत नहीं मिल पाई है।

**प्रभावित हो रहा काम**

कई नागरिकों ने बताया कि किसी को घर बनाना है किसी को पुत्र पुत्रियों का विवाह करना है किसी को इलाज करवाना किसी को अन्य कार्य के लिए लोन लेना है परंतु उनका नजूल रिकार्ड अपडेट नहीं होने के कारण उनका कोई भी कार्य नहीं हो पा रहा है और वे बहुत परेशानी में हैं और इन नागरिकों ने संबंधित जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों से शीघ्र पहल की अपेक्षा कर नजूल क्षेत्र की उक्त समस्या को दूर करवाने की अपेक्षा किया गया है।

## परसरामपुर सरिया मार्ग पर भीषण सड़क हादसा पूर्व सरपंच समेत दो गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

रविवार को सरिया परशरामपुर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा होने से पूर्व सरपंच समेत दो लोग गंभीर के घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार बाद उन्हें रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि सरिया परशरामपुर मार्ग पर बाइक आपस में टकराने से बाइक सवार पूर्व सरपंच की हालत गंभीर बताई जा रही है ।वही दूसरे बाइक में सवार एक महिला को भी गंभीर चोट लगने पर दोनों घायलों को रेफर किया गया है। सरिया परशरामपुर मार्ग पर दो बाइक सवार आपस में टकरा। इस दौरान बाइक चालक ग्राम सुरसी के पूर्व सरपंच आत्माराम साहा 55 वर्ष ग्राम सूरजगढ़ निवासी को गंभीर चोट लगी है। इसी तरह दूसरा बाइक चालक भुवनेश्वर राणा अपने पत्नी सफेद बाई 50 वर्ष के साथ ग्राम कोर्रा से दशकर्म से लौट रहे थे। इसी बीच सरिया परसरामपुर मार्ग के पास दोनों बाइक आपस में जबरदस्त टकराने से बाइक सवार भुवनेश्वर राणा को चोट लगा तथा बाइक में बैठी उनकी पत्नी को गंभीर चोट लगने से तत्काल 112 की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया लाया गया। जहां डॉक्टरों ने आत्माराम एवं श्रीमती सफेद बाई को प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल मेडिकल कॉलेज रायगढ़ रेफर कर दिया।

## एक कदम प्रकृति की ओर सीड बॉल निर्माण अभियान का आयोजन

**रायगढ़।** एक कदम प्रकृति की ओर सीड बॉल निर्माण अभियान कार्यक्रम का आयोजन 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया गया। जिसके तहत सभी उपस्थित सामाजिक सदस्यों द्वारा बीज संग्रह एवं सामग्री व्यवस्था कर उसे सीड बाल के रूप में बनाकर वितरण हेतु तैयार किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस के उद्देश्य पर संक्षिप्त परिचय कार्यक्रम संयोजक पर्यावरण सचिव गोपाल पटेल द्वारा दिया गया। पर्यावरण जागरूकता संबोधन के लिए सामाजिक सदस्यों को आमंत्रित किया गया कार्यक्रम का संचालन करते हुए केन्द्रीय पदाधिकारी श्रीमती रूपा पटेल पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर उद्बोधन के लिए केन्द्रीय सचिव भोजराम पटेल को आमंत्रित किया। भोजराम पटेल ने अपने प्रेरक विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा शरीर प्रकृति के संतुलन पर निर्भर है क्षिति जल पावक गगन समीरा, पंच तत्व यह अधम शरीरा, का उद्धरण देते हुए अपने जन्म दिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, अन्य आयोजनों पर एक एक पेड़ अवश्य लगाने का अपील किया।

### रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने की मांग

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव के नेतृत्व में समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति से रायपुर स्थित राज्य अतिथि गृह पहुना में सौजन्य भेंट कर रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग, ओबीसी सूची में शीघ्र शामिल करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग की अध्यक्ष को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ में यादव समाज के अनेक परिवार रावत उपनाम का उपयोग करते हैं, किंतु केंद्रीय ओबीसी सूची में नाम शामिल नहीं होने के कारण समाज के युवाओं एवं विद्यार्थियों को भारत सरकार की नौकरियों तथा विभिन्न केंद्रीय योजनाओं में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण एवं अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सुशासन तिहार में मिले ...

लिए क्या कार्ययोजना बनाई गई जिन गांवों में जल स्तर नीचे हैं उन गांवों के लिए पानी सुविधा के लिए क्या समुचित व्यवस्था की जा रही जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, फिजियोथेरेपी कालेज सहित अन्य निर्माण कार्य, सेट-अप की स्वीकृति की स्थिति लंबित कार्यों की भी विस्तार से जानकारी ली। कृषि अधिकारी से किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद बीज के भंडारण की स्थिति। जिला में रबी और खरीफ के फसल के लिए रकबा का क्षेत्र कितना बढ़ा, इसकी भी समीक्षा की।

### सड़क दुर्घटना के ...

स्कूटी की जोरदार टक्कर हुई। हादसे में दोनों पक्ष घायल हुए, दर्द से कराह रहे थे और उन्हें तत्काल इलाज की जरूरत थी। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि घायल लोगों को किसी एम्बुलेंस में नहीं, बल्कि एक खुले वाहन के डाले में लिटाकर अस्पताल ले जाया जा रहा है। ऊपर से चिलचिलाती धूप, नीचे लोहे का डाला और बीच में दर्द से तड़पते घायल। अब यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है। लोग इसे ₹डाला एम्बुलेंस सेवा₹ बताकर तंज कस रहे हैं। कोई व्यवस्था पर सवाल उठा रहा है तो कोई स्वास्थ्य तंत्र की पोल खुलने की बात कह रहा है।

### जशपुर में रैपिड ...

की संख्या प्रतिभागियों की संख्या के आधार पर तय की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की रिपोर्टिंग सुबह 9 बजे से होगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 1500 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 1000 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 700 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### जीवन की सुरक्षा ...

राशि, हेलमेट, प्रमाण-पत्र एवं 3 लीटर पेट्रोल प्रदान कर उनके प्रयासों की सराहना की गई तथा भविष्य में भी सामाजिक जागरूकता अभियानों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रतिभागियों में रील मेकिंग प्रतियोगिता में विष्णु बागान निवासी शिक्षक सैयद कैसर हुसैन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 2001 रूपए नगद पुरस्कार एवं हेलमेट प्राप्त किया। जशपुर के ही मनोज कुशवाहा द्वितीय स्थान पर रहे, जिन्हें 1001 रूपए नगद पुरस्कार एवं हेलमेट प्रदान किया गया। वहीं नवाटोली निवासी अक्षय कुमार यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार, उप पुलिस अधीक्षक केआर चौहान, सहित विजेताओं के साथीगण एवं परिजन उपस्थित रहे।




